# बरेली: नकली शराब की फैक्ट्री का भंडाफोड़, 6 लोग गिरफ्तार

Bareilly News in Hindi
होम » उत्तर प्रदेश

**जिला आबकारी अधिकारी ने बताया कि पिछले काफी समय से शहर में नकली शराब बेचने की सूचना मिल रही थी. पुलिस ने छापा मारकर 6 लोगों को गिरप्तार किया है.**

- NEWS18 UTTAR PRADESH
- **LAST UPDATED:** NOVEMBER 4, 2018, 8:43 PM IST


प्रतिकात्मक तस्वीर

यूपी के बरेली में पुलिस ने नकली शराब फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया है. इस मामले में पुलिस ने छह लोगों को गिरफ्तार किया है. साथ ही भारी मात्रा में विभिन्न ब्रांडेड कंपनियों के रैपर और क्यूआर कोड के पेपर्स भी बरामद किए हैं. पकड़े गए आरोपी शराब बनाने के अलावा जिले में सप्लाई करने का काम करते थे.

जिला आबकारी अधिकारी ने बताया कि पिछले काफी समय से सूचना मिल रही थी कि शहर में नकली शराब बनाकर बेची जा रही है. जिसको लेकर आज एक संयुक्त टीम बनाकर इलाके में छापेमारी की गई. जहां पर पुलिस ने आधा दर्जन लोगों को गिरफ्तार किया है. इन लोगों में सुनील सक्सेना नाम का एक शख्स भी गिरफ्तार हुआ है, जो बरेली में शराब कारोबारी का भाई है.

पुलिस इस युवक के गिरफ्तार होने से यह मान रही है कि ये लोग शराब के ठेकों पर नकली शराब बनाकर बेचते थे. हालांकि इस बात की अभी तक पुष्टि नहीं हो पाई है. लेकिन पुलिस इस पूरे मामले की जांच कर रही है. अधिकारी कहा कि भारी मात्रा में ब्रांडेड कंपनियों के रैपर और लेवल के साथ ढाई लाख लीटर जहरीली शराब बरामद की है. इतना ही नहीं जालसाजों के पास से नकली क्यूआर कोड के पेपर्स भी बरामद किए हैं.

अधिकारी ने बताया कि पकड़े गए सभी आरोपी बरेली के आसपास के रहने वाले हैं. ये लोग नकली शराब बनाकर जिले में सप्लाई करते थे. उन्होंने कहा कि टीमें लगा दी गई हैं जल्द इस काले कारोबार से जुड़े और लोगों की गिरफ्तारी की जाएगी.

Source: https://hindi.news18.com/news/uttar-pradesh/bareilly-illegal-liquor-factory-busted-in-baraily-six-arrested-1573082.html